# चौथे दिन अंतिम संगीत संध्या में युवा कलाकारों ने दी प्रस्तुति

## 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का 4 दिन बाद समापन

नवभारत न्यूज

**मैहर 10 नवम्बर, मैहर जिले के ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह की 51वें समापन संध्या का शुभारंभ रविवार को मैहर वाद्य बृंद की प्रस्तुति से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में चार दिवसीय संगीत समारोह का समापन किया गया।**

उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह की समापन संध्या का शुभारंभ मैहर वाद्य बृंद की प्रस्तुति से किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत भारत की आत्मा है। मां शारदा आशीर्वाद



और बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां की संगीत साधना दोनों ही मैहर नगर की पहचान है। बाबा की याद में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले संगीत समारोह में देश के प्रख्यात शास्त्रीय संगीत कलाकारों को समक्ष में देखने का सौभाग्य मिलता है। संगीत वास्तव में अंतरात्मा में समाहित होने वाला अनुभव है जो व्यक्ति को आत्म विभोर करता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समारोह को और भी भव्य स्वरूप दिया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि मां शारदा देवी की आध्यात्मिक शक्ति पीठ और कला, संस्कृति के क्षेत्र में बाबा अलाउद्दीन खां की संगीत विरासत मैहर की



पहचान है। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र कला, लोक संस्कृति के क्षेत्र में हमेशा आगे रहा है। संगीत समारोह को पूर्वरंग के साथ जोड़कर चार दिवसीय संगीत समारोह में स्थानीय उदीयमान कलाकारों को मंच दिया गया है। सांसद ने कहा कि समारोह के आयोजन के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि मैहर में संगीत महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 9 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। गुरुकुल की परंपरा को कायम रखने के लिए कॉलेज भवन के निर्माण की पहले शीघ्र शुरू की जाएगी। उन्होंने संगीत महाविद्यालय का नामकरण



बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां के नाम पर किए जाने की मांग रखी। संगीत समारोह के चैथे एवं अंतिम दिन 9 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द की प्रस्तुति के पश्चात अनुराधा पाल मुंबई-रविशंकर उपाध्याय दिल्ली द्वारा तबला-पखावाज जुगलबंदी, कविता शाजी एवं साथी भोपाल द्वारा मोहिनीअट्टम समूह नृत्य, विनोद मिश्रा सतना का गायन, संगीत शंकर वाराणसी द्वारा वायोलिन वादन तथा मानव महंत ग्वालियर द्वारा दी गई। कथक युगल की प्रस्तुतियों ने संगीत रसिक श्रोताओं को भाव विभोर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह ने समारोह स्थल पर श्रीराम चरित्र गुण प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया।

### समापन अवसर पर ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, निदेशक अकादमी प्रकाश सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल नागर, एसडीएम दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल सहित गणमान्य नागरिक और संगीत रसिक श्रोता उपस्थित रहे।

# ऋषभ एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए मास्को के लिए भरी उड़ान

नवभारत न्यूज

**कोठी 10 नवंबर, पवैया सरपंच पति पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष कोठी के पुत्र ऋषभ ने अपनी लगन एवं मेहनत से घर परिवार सहित क्षेत्र को गौरवान्वित किया है.**

पिछले दिनों हुई नीट परीक्षा क्वालीफाई कर एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए रूस के मास्को शहर के लिए आज उड़ान भरी है उनकी इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। क्षेत्रीय लोगों ने ऋषभ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं और कहा है कि निश्चित रूप से ऋषभ आगे चलकर एक अच्छा डॉक्टर बनेगा जिससे सभी की सेवा होगी ऋषभ का यस हम सब का गौरव है ऋषभ आज दिल्ली एयरपोर्ट से मास्को रूस के लिए उड़ान भरी



और वह अपने साथ अपने घर परिवार एवं क्षेत्र का अरमान अपने साथ लिए रवाना हुए, सहेंद्र सिंह , उमेश सिंह पप्पू, बृजेश गर्ग सोनू, उमेश सिंह उम्मे, अनमोल मिश्रा, विजय राज सिंह, तिलक राज सिंह, मनिंदर सिंह जीतू, कृष्णभान सिंह, रामचरण शर्मा सहित सैकड़ो क्षेत्री लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां में ब्लड स्टोरेज सेंटर का हुआ ट्रायल

नवभारत न्यूज

**मझगवां 10 नवंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य मझगवां को केंद्र ब्लड रेस्टोरेज सेंटर की सौगात शीघ्र मिलने वाली है। जिसका बकायदा आज हुआ ट्रायल सफल रहा।**

मझगवां के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखी जा रही है। जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक के नोडल ऑफिसर डॉ देवेंद्र सिंह पटेल और टेक्निकल सुपरवाइजर रामभाई त्रिपाठी ने सेंटर का ट्रायल किया और मरीज मोना कोल को ब्लड चढ़ाकर




शुरुआत की। नोडल ऑफिसर डॉ देवेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि एक सप्ताह में नर्सिंग ऑफिसर को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा, जिसके बाद ब्लड स्टोरेज यूनिट मझगवां आ जाएगी । इससे मझगवां, बरौंधा और आसपास के क्षेत्रों में रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकेगा। डॉ. देवेंद्र सिंह पटेल और रामभाई त्रिपाठी का नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल अग्रवाल एवं समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने प्रभु श्री राम की प्रतिमा और साल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां के मेडिकल ऑफिसर डॉ दिवाकर सिंह, लैब टेक्नीशियन भैया सिंह, डॉ जूही, स्टाफ नर्स फूलन राज सहित अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

# श्रीमती शांति बाई निगम का निधन

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 10 नवंबर, वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र निगम, सुनील निगम एवं पटवारी सत्येंद्र निगम निवासी रामपुर बाघेलान की पूज्य माता जी श्रीमती शान्तिबाई निगम का 85 वर्ष की उम्र में आज सुबह दुखद निधन हो गया।**

वह लंम्बे समय से अस्वस्थ थीं। जिनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में विधि-विधान से संपन्न हुआ । उनके निधन से रामपुर बाघेलान में शोक व्याप्त है। नवभारत परिवार सहित



लोगों शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उन्हें अपने धाम में स्थान देने और परिवार यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## शिवम सिंह परिहार ने सभी क्षेत्रीय जनों का जताया आभार



**कोठी ।** रैगांव विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव निर्वाचित होने पर विधानसभा सहित जिले के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ,पदाधिकारी , सहयोगियों सहित सभी क्षेत्रीय जनों का आभार व्यक्त किया है उन्होंने क्षेत्र के युवाओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज सभी के प्यार मोहब्बत एवं चाहत तथा अथक मेहनत से मैं प्रदेश महासचिव के पद पर निर्वाचित हुआ हूं इसका श्रेय आप सभी लोगों को है उन्होंने क्षेत्रीय लोगों के मिले अपार स्नेह तथा प्रेम को कहा कि यह अविस्मरणीय है जो सदैव स्मरण रहेगा मुझे सभी जगह इतने अधिकमत प्राप्त हुए की जिससे मैं अत्यंत अभिभूत हूं जो सभी के सहयोग की बदौलत है उन्होंने कहा कि मुझे मिले नए दायित्व को मैं अपनी पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करते हुए युवाओं के न्याय की हक की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व योगदान दूंगा और कांग्रेस पार्टी तथा संगठन को मजबूत बनाए जाने के लिए विशेष रूप से कार्य करूंगा?।

## जैतवारा में खुलेगा उपडाकघर




**सतना 10 नवंबर,** भारतीय डाक विभाग को उप डाकघर जैतवारा के लिए किराये से भवन की आवश्यकता है, बरामदा और अन्य क्षेत्र छोड़ कर कार्यालय के लिए 560 वर्ग फुट होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति नियम शर्तों के लिए की जानकारी के लिए डाकघर अधीक्षक सतना संभाग सतना से कार्यालय समय में संपर्क कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 21/11/2025 हैं।

# एनएचएआई सड़क सुरक्षा के लिए चलाया जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

**सतना 10 नवंबर, अमरपाटन रोड पर स्थित ओढ़की टोल प्लाजा एनएचएआई ( RKJL) प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज एनएचएआई की टीम द्वारा ट्रक चालकों के लिए एक व्यापक रोड सेफ्टी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।**

कार्यक्रम में ट्रक चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ब्रीफिंग सत्र, रिफ्लेक्टिव स्टिकर का वितरण, तथा वर्टिकल सेफ्टी चेक के साथ ड्राइव-ऑन गतिविधि







शामिल रही। इसी क्रम में, नवोदय विद्यालय सतना के छात्रों के लिए भी रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुरक्षित सड़क उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। छात्रों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुरक्षा संदेशों से अवगत कराया गया।

जिसमें हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, गलत साइड ड्राइविंग से बचें, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करें एवं बाइक के साइड मिरर का उपयोग करें।

रोड यूजर्स की ओर से इन पहलों को उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है, जिसे यह अभियान प्रभावी रूप से आगे बढ़ा रहा है।

# डीआरआई ने बरहट में बाल शिविर किया आयोजित

- 'चित्रकूट संकुल के अंतर्गत 10 स्वावलंबन केन्द्रों से 88 बच्चों की रही सहभागिता

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 9 नवम्बर, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा गाँव-गाँव लगाए जा रहे बाल शिविर के अन्तर्गत चित्रकूट संकुल का तीन दिवसीय बाल शिविर का समापन समारोह मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम बरहट में शनिवार को संपन्न हुआ।**

जिसमें 88 बच्चे शिविरार्थी के रूप में सम्मिलित हुए इस शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री वसंत पंडित कोषाध्यक्ष दीनदयाल शोध संस्थान श्री रामाधार जी संघचालक चित्रकूट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री महेंद्र कोटार्य भाजपा अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश खरे पूर्व भाजपा अध्यक्ष श्री अरविंद मिश्रा मानिकपुर ब्लाक प्रमुख श्री अभिषेक तिवारी रैपुरा थाना प्रभारी श्री मानसिंह प्रधानाचार्य बरहट डॉ अशोक पांडेय प्रभारी स्वालंबन अभियान श्री जितेंद्र सिंह प्रभारी समाज



शिल्पीए श्री अरुणेंद्र तिवारीए श्रीमती दीपा तिवारी समाजशिल्पी दंपत्ति ने पंण्दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वसंत पंडित कोषाध्यक्ष दीनदयाल शोध संस्थान ने अपने उद्बोधन में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा नई पीढ़ी के विकास में किए जाने वाले कार्यों की सराहना कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विशिष्ट अतिथि श्री रामाधार जी संघचालक चित्रकूट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि यह बच्चे ग्राम को स्वावलंबी बनाने की प्रथम सीढ़ी है इन बच्चों के द्वारा ही ग्राम एवं देश स्वावलंबी होगा। शिविर की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिविराधिकारी ने दी। स्वावलंबन अभियान के प्रभारी डॉ अशोक पांडे ने बताया कि दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी के अन्दर व्यक्तित्व विकास के साथ समाज मूलक बातों की जागरूकता हेतु समाजशिल्पी दम्पति व सहयोगी कार्यकर्ताओं के माध्यम से संकुल केन्द्रों पर यह बाल शिविर के आयोजन किये जा रहे है समारोप एवं प्रकट कार्यक्रम के दौरान श्री जितेंद्र सिंह प्रभारी समाज शिल्पी ने बताया कि गांव गांव में संस्कार क्षम गतिविधियों के माध्यम से ग्राम वासियों के सामूहिक प्रयासों से बाल शिविर संपन्न हो रहे हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान अभियान अंतर्गत स्कूलों में आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**मैहर 10 नवंबर, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में दिनांक 1 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक "ऑपरेशन मुस्कान" विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।**

इस अभियान का उद्देश्य अपहृत एवं गुमशुदा बच्चों की तलाश के साथ-साथ हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान बनाए रखना है और किसी भी प्रकार के भय, शोषण या अपराध की स्थिति से उन्हें दूर रखना। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों एवम महिला सेल प्रभारी द्वारा स्कूलो में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय त्रिपाठी द्वारा मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल रामनगर में,थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेंद्र मिश्रा द्वारा शासकीय कन्या मध्यमिक विद्यालय मुकुंदपुर में एवम महिला सेल प्रभारी उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी द्वारा ब्लू बेल्स स्कूल मैहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सायबर सुरक्षा, गुमशुदगी से बचाव, महिला एवं बाल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी, गुड टच-बैड टच जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090, बाल हेल्पलाइन 1098 एवं आपातकालीन नंबर 112 पर संपर्क करें।

# ग्रामीणों ने खुद बना डाली एक किमी सड़क

## शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों ने नहीं किया समस्या निराकरण

नवभारत न्यूज

**कोटर 10 नवंबर, सतना विधानसभा क्षेत्र के रगौली ग्राम पंचायत के ग्रामीण काफी समय से रोड बनाने की मांग कर रहे थे .**

जिला प्रशासन एवं जिले के जनप्रतिनिधि विधायक एवं सांसद से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन आज तक रोड नहीं बन पाई जिससे ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया और सभी ग्रामीणों ने सहयोग राशि लेकर के रोड बनाने का निश्चय किया और रोड लगभग 1 किलोमीटर बन भी चुकी है जिस रोड की हम बात कर रहे हैं यह रोड पवैया से इटमा



कुआं गांव को मिलाने वाली रोड है कुआं ग्राम पंचायत ने अपनी सीमा रेखा तक पक्की रोड का निर्माण कर दिया है लेकिन रगौली ग्राम पंचायत के द्वारा रोड का निर्माण नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों किसानों को खेती के काम धंधा में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आजादी के 75 वर्षों के बाद भी ग्रामीणों को आवा गमन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह सरकार और जनप्रतिनिधियों के लिए शर्मनाक है।

# युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए अनुराग सिंह

नवभारत न्यूज

**कोटर 10 नवंबर, रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस के अनुराग सिंह ने उपाध्यक्ष का पद चुनाव जीता है। उनकी इस जीत से समर्थकों में उत्साह है और पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।**

अनुराग सिंह की उम्र महज 28 वर्ष है और वे ग्राम पंचायत अकौना में वार्ड पंच हैं। उनकी पत्नी श्रीमती श्रद्धा सिंह ग्राम पंचायत अकौना की सरपंच हैं।

श्री सिंह ने संगठन के चुनाव में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह पद हासिल किया है। वे हमेशा आदिवासी, शोषित, और वंचित



वर्गों के अधिकारों की बात करते हैं और उनके लिए लड़ भी जाते हैं। उनकी इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि वे एक युवा और सक्रिय नेता हैं, जो अपने क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। उनकी इस जीत पर उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी अनुराग सिंह की इस उपलब्धि की प्रशंसा की है और उन्हें आगे भी इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

# लीग का अंतिम मैच जीत कर ग्रुप में टॉप पर पहुंची आरसी की टीम

## केजीएन किंग्स ने एसएस 11 को हराया, 4 टीमों ने किया क्वालीफायर ,आज मैत्री मैच, कल से शुरू होंगे क्वालीफायर मैच

नवभारत न्यूज

**कोठी 10 नवंबर, अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान में जारी छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति टेनिस बॉल कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में आज लीग चरण के आखिरी दो मैच खेले गए जिसमें आरसी की टीम ने डी डबल्यू की टीम को 11 रनों से हराकर अंक तालिका के शीर्ष में पहुंच गई।**

आरसी की टीम पहले बैटिंग करते हुए मैच में 186 रन बनाए और बाद में बैटिंग करने उतरी डीडबल्यू की टीम 175 रन ही बना सकी और 11 रनों से मैच हार गई संजय सिंह को मैच में बेहतर प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया और आरसी की टीम मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई, वहीं दूसरा मैच एसएस 11 एवं केजीएन किंग्स के मध्य खेला गया जिसमें केजीएन किंग्स की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 185 रन बनाए जिसमें जिसमें कप्तान मोहम्मद जीशान ने टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक बनाया उन्होंने 48 गेंद में 122 रनों की



पारी खेली जिसकी बदौलत उनकी टीम 32 रनों से मैच जीत गई और उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया हालांकि उनकी भी टीम क्वालीफायर नहीं कर पाई। एसएस 11 की टीम बाद में बैटिंग करते हुए लक्ष्य से 32 रन दूर रह गई और मैच हार गई और क्वालीफायर से भी बाहर हो गई, इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर खेली जा रही कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में चार टीमों ने क्वालीफायर किया है जिसमें आरसी की टीम टूर्नामेंट में सर्वाधिक छह जीतो के साथ शीर्ष पर मौजूद है वहीं टीडी की टीम पांच जीतों के साथ दूसरे स्थान पर है इसके साथ-साथ टूर्नामेंट में टीआरएस एवं ईडब्ल्यू की टीम ने चार-चार मैच जीत कर क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान स्थान पर पहुंची आज के मैच के दौरान आयोजन समिति के सदस्य प्रबंधन व सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद रहे आज 11 नवंबर को खेल मैदान में वरिष्ठ टीमों के बीच मैत्री मैच खेला जाएगा जिसमें क्षेत्र के सभी सीनियर खिलाड़ी शामिल रहेंगे एवं कल 12 नवंबर से क्वालीफायर के मैच खेले जाएंगे जो इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर होंगे आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमी दर्शको से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह करते हुए कहां है की क्वालीफायर के रोमांचक मैचों का आनंद उठाएं।